हेलमेट जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

विधिक सेवा सप्ताह में दी गई जानकारी, लोगों को हेलमेट लगाने के लिए किया गया जागरुक

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 14 नवम्बर, तहसील विधिक सेवा समिति मऊगंज, जिला मऊगंज द्वारा न्यायोत्सव - विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन 9 नवंबर से 14 नवंबर तक किया गया. सप्ताहभर चलने वाले इस कार्यक्रम में विधिक जागरूकता से जुड़ी अनेक गतिविधियों का संचालन किया गया.

इसी क्रम में 'न्याय यात्रा—प्रत्येक कदम विधि जागरूकता की ओर' के तहत हेलमेट जागरूकता वाहन रैली का आयोजन किया गया. रैली को मऊगंज न्यायालय परिसर से प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश जय

सिंह सरौते, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी, व्यवहार न्यायाधीश प्रथम श्रेणी वरिष्ठ खंड मोहम्मद साजिद, तथा न्यायाधीश महादेव पटेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. यह पूरा कार्यक्रम हाई कोर्ट जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा के निर्देशानुसार आयोजित किया गया. रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाने, सभी वाहन दस्तावेज पूर्ण रखने, तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था. विशेष रूप से ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, बीमा, और वाहन के वैध कागजात साथ रखने के महत्व पर जोर दिया गया.

हेलमेट जागरूकता रैली में न्यायालय के कर्मचारी, अधिवक्ता तथा विधिक सेवा समिति के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे. रैली के माध्यम से संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी दायित्व है बल्कि जीवन सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है. इस आयोजन के जरिए न्यायालय एवं विधिक सेवा समिति ने समाज में सड़क सुरक्षा और विधिक जागरूकता को लेकर सकारात्मक संदेश देने का सफल प्रयास किया.

मऊगंज जिले में धान उपार्जन के लिए 31 केन्द्र निर्धारित

मऊगंज, 14 नवम्बर, मऊगंज जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए 31 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि 31 पात्र सहकारी समितियों/विपणन सहकारी समितियों को धान उपार्जन केन्द्र के तौर पर चयनित किया गया है. सेवा सहकारी समिति पन्नी, मऊगंज, पाड़र, पहाड़ी नृपत सिंह, लौर, खैरा, पटपरा, ढेरा, नईगढ़ी, भीर, कोट, डिहिया (बन्नई), शिवराजपुर, खर्रा, बहुती, बंधवा, कसियारगांव, चिल्ल, सेवा सहकारी समिति हनुमना क्रमांक एक एवं 2, कैलाशपुर, मुनिहाई, बन्ना, मिसिरगवां, हर्दी, गौरी, पहाड़ी, देवरा पटेहरा, खटखरी, पांती तथा टटिहरा में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जायेगी. कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराते हुए किसानों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं.

स्कूल वाहनों में नियमों का नहीं हो रहा पालन, सुरक्षा की अनदेखी

नवभारत न्यूज

गुढ़, 14 नवम्बर, जिले भर में ठंड की दस्तक हो चुकी है और लापरवाहियों की वजह से पूर्व में हुए घटनाओं को दोहराया ना जा सकें ऐसी स्थिति में रीवा आरटीओ की जिम्मेदारी बढ़ जाती है.

परंतु ऐसा प्रतीत होता है कि रीवा आरटीओ किसी भी प्रकार से सजक नहीं है. हाल ही में कुछ ऐसी तस्वीरें देखने को मिली है जो आरटीओ के अभियान पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है. क्षेत्र के कई विद्यालयों में सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर बस और अन्य वाहनों को संचालित किया जा रहा है जो कि बच्चों के लिए बेहद ही खतरनाक साबित हो सकता है. ठंड और कोहरे के बीच नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा किया जा सकता है. परंतु अधिकतर स्कूलों में नियमों को ठेंगा दिखाने का काम किया जा रहा है. सामने आए तस्वीरों में देखा गया कि धक्का प्लेट, कंडम-अनफिट वाहनों का उपयोग स्कूलों में किया जा रहा है. जिसमें हर पल हादसे की संभावना बनी रहती है जो कि कई प्रश्न चिन्ह खड़े करते हैं. वाहनों में सिग्नल लाइट जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. इसी प्रकार से नंबर प्लेट गायब रहना, इमरजेंसी नंबर, जीपीएस, सी. सी. टी. वी कैमरे, ओवर लोडिंग, आपातकालीन द्वार, तमाम प्रकार की खामियां बनी हुई है. लेकिन किसी का ध्यान नही जा रहा है.

सांदीपनि स्कूल मऊगंज में विधिक जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 14 नवम्बर, संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय मऊगंज में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम की अध्यक्षता युवराज दीक्षित, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, मऊगंज ने की. विद्यालय के प्राचार्य भोला प्रसाद उपाध्याय, लोक अभियोजक राजकुमार मिश्रा, ए.डी.पी.ओ. जयप्रकाश द्विवेदी, अधिवक्ता शुभांशू सिंह, शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान माननीय न्यायाधीश युवराज दीक्षित ने विद्यार्थियों को विधिक सेवा योजनाओं, उनके लाभ तथा प्राप्ति की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी. उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के कमजोर वर्गों को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराता है और आमजन तक इन सेवाओं को पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है. शिविर के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पूछी गई समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा उनके निराकरण हेतु संबंधित विधिक सलाह प्रदान की गई. साथ ही विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों, साईबर अपराधों से बचाव, तथा न्याय पाने के वैधानिक उपायों की जानकारी दी गई. न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी. कार्यक्रम के माध्यम से विधिक सेवा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया ताकि आमजन भी इन सेवाओं से लाभान्वित हो सके. समापन पर विद्यालय परिवार द्वारा आभार व्यक्त किया गया.

शिक्षण संस्थानों में आत्महत्या रोकने जिला टास्क फोर्स का गठन

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 14 नवम्बर, शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है.

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मऊगंज संजय कुमार जैन ने तत्काल प्रभाव से जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का गठन करने का आदेश जारी कर दिया है. यह आदेश उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के पत्र तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में जारी किया गया है. गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति के अध्यक्ष कलेक्टर मऊगंज होंगे. प्राचार्य शहीद केदारनाथ महाविद्यालय को सदस्य सचिव नामित किया गया है. प्राचार्य आई.टी.आई. मऊगंज समिति में सचिव का दायित्व निभाएंगे. समिति में अन्य प्रमुख सदस्यों में पुलिस अधीक्षक, अधिष्ठाता श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीजिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी शामिल हैं.

न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं : मनोज तिवारी

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 14 नवम्बर, ऋषिराज कुलम हायर सेकेंडरी विद्यालय, मऊगंज में न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत एक विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया.

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज तिवारी, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, मऊगंज (रीवा) द्वारा की गई. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विधिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा न्यायिक प्रणाली के प्रति जागरूक करना था. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. न्यायाधीश मनोज तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के जीवन का अभिन्न हिस्सा है. विधिक साक्षरता समाज में समानता, न्याय और अधिकारों की रक्षा का आधार है. उन्होंने छात्रों को भारतीय संविधान, मौलिक अधिकारों, उपभोक्ता अधिकारों, साइबर अपराध, बाल अधिकार एवं महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और न्यायिक व्यवस्था से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका समाधान न्यायाधीश महोदय ने सरल भाषा में किया. अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने जिला न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों में कानूनी जागरूकता एवं नागरिक दायित्व की भावना विकसित होती है. यह विधिक जागरूकता कार्यक्रम न्यायोत्सव: सेवा विधिक सेवा सप्ताह का एक महत्वपूर्ण अंग रहा.

विधिक जागरूकता शिविर में जानकारी देते न्यायाधीश

गुढ़ पुलिस का नगर में लगातार गस्त जारी

नवभारत न्यूज

गुढ़, 14 नवम्बर, समाज को नशे की बुराई से मुक्त कराने के उद्देश्य से रीवा पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन प्रहार 2.0 अभियान तेज़ी से चलाया जा रहा है.

यह अभियान युवाओं को नशे से दूर रखने और जिले को नशामुक्त बनाने की दिशा में बड़ी पहल साबित हो रहा है. किसी कड़ी में थाना प्रभारी गुढ़ शैल यादव एवं सहायक उप निरीक्षक सुरेश साकेत प्रधान आरक्षक सत्यदेव पाण्डेय आरक्षक विपिन

यादव गुढ़ नगर में गस्त करते हुए नशेड़ियों एवं नशा के तस्करी करने वालों के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है.

ऑपरेशन 2.0 सुनते ही क्षेत्र के तस्कर दहशत में है और भूमिगत भी हो चुके हैं थाना प्रभारी शैल यादव ने तस्करों को दो टूक कहते हुए कहा कि अगर गुढ़ क्षेत्र में रहना है तो तस्करी बंद कर दो वरना सलाखों के पीछे देखे जाओगे.

गौरव दिवस का आयोजन आज

मऊगंज, 14 नवम्बर, जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने, स्वतंत्रता संग्राम और सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को स्मरण करने तथा जनजातीय क्षेत्रों के सामाजिक, आर्थिक विकास को पुर्नजीवित करने के उद्देश्य से 15 नवम्बर को धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती गौरव दिवस के रूप में मनायी जायेगी. कलेक्ट्रेट परिसर में दोपहर 12 बजे से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र होंगे.

संगोष्ठी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को बताया गया

नवभारत न्यूज

गुढ़, 14 नवम्बर, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम स्वर्गीय जाहिद खान जे.के. कॉलेज में आयोजित हुआ.

जिसका संचालन नोडल अधिकारी प्रो. डॉ. आर.के. तिवारी, प्राचार्य, शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़, रीवा द्वारा किया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. आर.के. तिवारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों, सिद्धांतों और शैक्षणिक सुधारों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि यह नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास, नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों तथा व्यावहारिक शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इसके उपरांत विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. श्रीराम द्विवेदी ने एनईपी 2020 के सर्वांगीण विकास, मल्टीडिसिप्लिनरी शिक्षा प्रणाली तथा विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने बताया कि यह नीति विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, रचनात्मक एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाती है. अगले सत्र में डॉ. अरुण कुमार सोनी विशिष्ट वक्ता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को रोज़गारोन्मुख शिक्षा, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, व्यक्तित्व विकास और पर्यटन क्षेत्र से जोड़ते हुए इसके व्यावहारिक पक्षों पर अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम के अंत में जे.के. कॉलेज के डायरेक्टर द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों एवं वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया. उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक आयोजनों से छात्रों में नई ऊर्जा, दृष्टिकोण और जागरूकता का विकास होता है.

गुढ़ विधायक ने शोक संतप्त परिवारों के घर पहुंच कर जताई संवेदना

नवभारत न्यूज

गुढ़, 14 नवम्बर, गुढ़विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह नगर परिषद गुढ़ के वार्ड क्रमांक 05 निवासी भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के निष्ठावान कार्यकर्ता दामोदर प्रसाद नामदेव के असामयिक निधन पर उनके निवास स्थल पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं.

इसी क्रम में विधायक श्री सिंह ने वार्ड क्रमांक 04 निवासी मदन गोपाल सोनी तथा वार्ड क्रमांक 10 निवासी प्रतिष्ठित पुरोहित परिवार के सदस्य मोहन लाल मिश्रा, इंद्रमणि मिश्रा, जगदीश प्रसाद मिश्रा, उमेश कुमार मिश्रा की माताजी स्व. रामलखन मिश्रा की पत्नी श्रीमती रामकली मिश्रा के दुखद निधन पर भी शोक संवेदना प्रकट की. इसके अतिरिक्त विधायक श्री सिंह नैकिन निवासी सचिन सिंह के पिताजी के निधन उपरांत आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए.

इस दौरान भाजपा मंडल गुढ़ अध्यक्ष एडवोकेट अनंत कुमार गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष कपूर चंद्र सोनी, मुद्रिका प्रसाद तिवारी मौजूद रहे.

गुढ़ बस स्टैण्ड में नहीं रुकती बसें, यात्री होते हैं परेशान

नवभारत न्यूज

गुढ़, 14 नवम्बर, भा. सर्व सेवा संगठन द्वारा पूर्व में धरने पर बैठते हुए जिन बसों का परमिट गुढ़ में रुकने का है वह बसे गुढ के अंदर से जाने को लेकर मेरे द्वारा धरने पर बैठा गया था.

जिसके वजह से उस समय के तत्कालीन एसडीएम अनुराग तिवारी गुढ़ तहसीलदार अरुण यादव, गुढ थाना प्रभारी शैल यादव एवं जिला परिवहन अधिकारी श्रीमान मनीष त्रिपाठी के द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए सभी बसों को अंदर से भेजने का आदेश देते हुए सभी बसों को

अंदर से भेजने का कार्य किया गया था. लेकिन कुछ बसों द्वारा अभी भी गुढ़ बस स्टैंड से ना जाकर बाहर बाईपास से होते हुए आवा गवन कर रही हैं जिसकी वजह से अन्य बस मालिक भी एक दूसरे के देखा देखी में बाहर से आवा गवन करना शुरू कर दिया है जिसके वजह से पुरानी स्थिति उत्पन्न होते हुए गुढ नगर परिषद के पैसेंजरों को डेढ़ किलोमीटर पैदल चलते हुए बाईपास से बसों को पकड़ते हुए सफर करना पड़ रहा है. साथ में कई पैसेंजर बस के इंतजार में बस स्टैंड में बैठे रहते हैं लेकिन बस बाईपास होकर निकल जाती है जिसके वजह से पैसेंजरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है.

साथ में बाईपास एकांत होने एवं मदिरा की दुकान के होने के वजह से बहन बेटियां के साथ आए दिन छेड़खानी एवं लूट की घटनाएं उत्पन्न होती हैं एवं रात में सफर करने वाले पैसेंजरों को कई तरह के मुसीबत का सामना करना पड़ता है. ज्ञापन में मांग की गई कि रीवा सीधी लाइन में जिन बसों का परमिट गुढ़ में रुकने का है वह सभी बसों को गुढ शहर के अंदर से भेजा जाय.

मऊगंज में यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस की चालानी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 14 नवम्बर, पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी के निर्देशन में यातायात पुलिस मऊगंज द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया. इस अवधि के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन पर कुल 23 वाहनों के चालान किए गए.

वहीं नो एंट्री जोन में प्रवेश करने वाले 6 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 38,300 का जुर्माना वसूला गया. यातायात प्रभारी ने बताया कि यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है.

उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नो एंट्री क्षेत्र में प्रवेश न करें, तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करें, अन्यथा भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस अभियान से नगर में यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला है तथा लोगों में नियमों के पालन को लेकर जागरूकता भी बढ़ी है.

ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने चलाया जन जागरुकता अभियान

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 14 नवम्बर, थाना नईगढ़ी क्षेत्र अंतर्गत स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेला कमोद में आज पुलिस विभाग द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बच्चों से संबंधित जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुरक्षा, अधिकारों एवं वैधानिक प्रावधानों के बारे में जानकारी देना तथा बाल संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना रहा. कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि ऑपरेशन मुस्कान का

लक्ष्य गुमशुदा एवं लापता बच्चों को खोजकर सुरक्षित उनके परिवारों तक पहुँचाना है. साथ ही स्कूल के बच्चों को अजनबियों से दूरी बनाए रखने, किसी भी तरह के शोषण, उत्पीड़न या संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने तथा आत्मरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया गया. अधिकारियों ने बच्चों को 'चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, 'महिला हेल्पलाइन 1090' एवं 'डायल 112 जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी देकर उन्हें सुरक्षित रहने के लिए प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम में शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी बच्चों की सुरक्षा के प्रति सजग रहने तथा किसी भी समस्या की सूचना तुरंत पुलिस तक पहुँचाने की अपील की गई. विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना की और कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया. पुलिस द्वारा चलाया गया यह जन जागरूकता अभियान बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने एवं उनके सुरक्षित भविष्य के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है.

मुख्यालय से नदारत रहते हैं कृषि अधिकारी, किसान होते हैं परेशान

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 14 नवम्बर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी कार्यालय में पदस्थ एसडीओ रवी सिंह अपने मुख्यालय मऊगंज से नदारत रहते हैं. वे रीवा से कार्यालय का संचालन करते हैं, अब चुंकि मऊगंज जिल बना चुका है.

सभी सुविधायें मऊगंज में है तथा उनका पदस्थापना एवं कार्यक्षेत्र भी है जिस पर उन्हे यहां रहना चाहिये लेकिन वो फिर भी मऊगंज मुख्यालय से नदारत रहते हैं. उनका कोई भी दिन एवं समय मुख्यालय का निश्चित नहीं है जिस कारण से एक तरफ जहां कार्यालय का कार्य प्रभावित होता है वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के लोगों को भी समस्यायें होती है. भ्रष्टाचार पर उतारू कृषि विभाग कार्यालय मऊगंज- मऊगंज कृषि विभाग भ्रष्टाचा का अड्डा बन चुका है. यहां पर किसानों का पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध नहीं कराया जाता है और उसे ब्लैक में बेंच लिया जाता है. पात्र किसान रोज विभाग का चक्कर लगाते हैं लेकिन उन्हे निराशा ही हांथ लगती है क्योंकि जब यहां के जिम्मेदार अधिकारी एसडीओ ही नहीं रहते हैं तो यहां के अधिकारी कर्मचारी अपनी मनमानी करते हैं. इस समय रवी की बोनी का समय चल रहा है, ऐसे में किसान कार्यालय जाते है लेकिन न तो कोई जानकारी मिलती और न ही कोई अधिकारी उन्हे कार्यालय में मिलते है.

कृषकों के साथ किया जाता है अभ्रद्र व्यवहार

एक तरह जहां प्रदेश एवं केन्द्र सरकार सुशासन की बात करती है वह कृषक एवं कृषि हितैसी होने का दावा करती है वहीं दूसरी ओर सत्यता इससे परे हैं क्योंकि यहां पर किसानों को पर्याप्त माता में बीज नहीं मिलता है. किसान कई दिन लाईन लगाकर वापस चले जाते हैं एवं बीज की कालाबाजारी कर ली जाती है. केवल फजी कागजी घोड़ा दौड़ाया जाता है. जब इस संबधं में किसान अधिकारी से बात करना चाहते हैं तो उन्हे दुत्कार कर भगा दिया जाता है. अब सवाल यह उठता है कि मऊगंज जिला मुख्यालय बन चुका है. यहां पर कलेक्टर साहब भी बैठते हैं तो फिर उनकी नाक के नीचे कृषि विभाग में इस तरह का भ्रष्टाचार एवं अराजकता चल रही है तो फिर किसान एवं आमजन अपनी समस्या लेकर किसके पास जायें. इस संबंध में कृषिकों ने कलेक्टर से अविलंब हस्ताक्षेप कर कृषि विभाग कार्यालय की व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने की मांग की है.